US Agriseeds® Seed that Works

SeedWorks®

25 YEARS OF SERVING FARMERS

## US 5210




» पकने की अवधि 135-140 दिन

» मध्यम ऊंचाई के पौधे

» आकर्षक मोटा और स्वादिष्ट दाना, भरपूर उपज

## US 5310




» पकने की अवधि 130-135 दिन

» मध्यम ऊंचाई के पौधे

» लम्बी और आकर्षक बाली के साथ चमकदार दाने, भरपूर उपज

## US 5410




» पकने की अवधि 130-135 दिन

» मज़बूत पौधे- गिरने के प्रति सहनशील

» लम्बी बाली- अधिक दाने- भरपूर उपज

# गेहूं की खेती की पद्धति

## खेत की तैयारी

2 से 3 बार जुताई और हैरोइंग की सहायता से खेत को अच्छी तरह से तैयार करे और बुवाई से दो सप्ताह पहले सुझाई गयी मात्रा में गोबर की खाद खेत में प्रयोग करें।

## बुवाई

| | |
|---|---|
| बुवाई का समय | मध्य अक्टूबर - मध्य दिसंबर |
| बीज | 40 किग्रा/एकड़ |
| दूरी | पंक्ति से पंक्ति 20 सेमी और पौधे से पौधे 10 सेमी |
| गहराई | 5-6 सेमी |

## पोषक तत्व प्रबंधन

उर्वरक का उपयोग मिट्टी परीक्षण रिपोर्ट और स्थानीय राज्य कृषि विश्वविद्यालयों की सिफारिशों के आधार पर किया जाना चाहिए। उर्वरकों की सामान्य सुझाई गयी मात्रा नीचे दी गई तालिका के अनुसार है।

| उर्वरक | अनुशंसित मात्रा |
|---|---|
| यूरिया | 60 किग्रा/एकड़ |
| डी ए पी | 24 किग्रा/एकड़ |
| एम ओ पी | 16 किग्रा/एकड़ |

## जल प्रबंधन

नीचे तालिका में दी गयी अवस्थायें गेहूं में सिंचाई के लिए क्रांतिक अवस्थायें है। जल जलभराव से बचें तथा मिट्टी में उचित नमी के स्तर को बनाए रखें। सिंचाई की उपलब्धता के आधार पर किसान नीचे दी गई तालिका के अनुसार गेहूं की फसल में सिंचाई कर सकते हैं।

| सिंचाई | बुवाई के 21 दिन बाद | बुवाई के 45 दिन बाद | बुवाई के 65 दिन बाद | बुवाई के 85 दिन बाद | बुवाई के 105 दिन बाद | बुवाई के 120 दिन बाद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 सिंचाई | ✓ | | | | | |
| 2 सिंचाई | ✓ | | | ✓ | | |
| 3 सिंचाई | ✓ | | ✓ | | ✓ | |
| 4 सिंचाई | ✓ | ✓ | ✓ | | ✓ | |
| 5 सिंचाई | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | |
| 6 सिंचाई | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |

## खरपतवार प्रबंधन

गेहूं की फसल में खरपतवार नियंत्रण के लिए नीचे दिए गए रसायनों का प्रयोग करें।

| खरपतवार | शाकनाशक | मात्रा ग्राम (सक्रिय तत्व/हेक्टेयर) | प्रयोग करने का समय |
|---|---|---|---|
| घास | *क्लोडिनाफॉप* | 24 | बुवाई के 30-35 दिन बाद |
| चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार | *मेट्सलफ्यूरॉन मिथाइल* | 1.6 | बुवाई के 30-35 दिन बाद |
| घास और चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार | *सल्फोसलफ्यूरॉन* | 10 | बुवाई के 30-35 दिन बाद |

## कीट एवं रोग प्रबंधन

गेहूं की फसल के प्रमुख कीट और रोगों के लिए रासायनिक नियंत्रण की सिफारिशें निम्नलिखित हैं।

| कीट और रोग | प्रबंधन |
|---|---|
| रतुआ | प्रोपिकोनाज़ोल 25 ईसी @ 0.1% का छिड़काव करें (80 लीटर पानी/एकड़) |
| तेला | इमिडाक्लोप्रिड 200 एसएल @ 8 ग्राम / एकड़ का प्रयोग करें |
| दीमक | क्लोरोपाइरीफॉस 20 ईसी @ 1.2 लीटर / एकड़ |
| खुला कंडवा | कार्बोक्सिन (75 डब्ल्यूपी @ 2.5 ग्राम / किलो कि बीज) के साथ बीज उपचार |
| फ्लैग स्मट | कार्बोक्सिन (75 डब्ल्यूपी @ 2.5 ग्राम/किलो बीज) के साथ बीज उपचार |

## कटाई :

जब दाने कठोर हो जाएं और पौधे सुनहरे पीले हो जाएं तब गेहूं की कटाई करें। समय पर कटाई से दानो के झड़ने और फसल के गिरने के कारण होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है।